**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–03.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए जारी करेंगे पार्टी का संकल्प पत्र।**
2. **श्री शाह सिमरिया, बरकट्ठा और धालभूमगढ़ में करेंगे चुनावी सभाएं।**
3. **विधानसभा चुनाव को देखते हुए राज्य के विभिन्न इलाकों में छापेमारी अभियान तेज, अब तक 135 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी जब्त।**
4. **मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट का जताया अनुमान।**

***************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी करेंगे। घोषणा पत्र को पार्टी ने संकल्प पत्र का नाम दिया है। असम के मुख्यमंत्री सह भाजपा के चुनाव प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने इस बारे में जानकारी दी।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह आज घाटशिला के धालभूमगढ़, हजारीबाग के बरकट्ठा और चतरा के सिमरिया में तीन चुनावी रैलियों को भी संबोधित करेंगे। गृह मंत्री झारखण्ड के दो दिन के दौरे पर कल रात रांची पहुंचे। श्री शाह का पार्टी नेताओं के साथ चुनाव तैयारियों की समीक्षा करने का भी कार्यक्रम है।

***************

विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही पक्ष और विपक्ष के नेताओं के बीच तल्ख तेवर के साथ जुबानी जंग तेज हो गयी है। झारखंड में भाजपा के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने केंद्र के पैसों का दुरूपयोग किया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के लिए राशि भेजी गयी, जिसमें बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है।

इधर, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खूंटी में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी की कड़ी आलोचना की।

***************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल झारखंड में चाईबासा और गढ़वा से अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे। प्रदेश भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि इसके बाद प्रधानमंत्री 10 नवम्बर को रांची और बोकारो में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का तीसरा झारखंड दौरा 15 नवम्बर को संताल परगना में होगा।

***************

राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के दौरान धनबल को रोकने के लिए छापेमारी अभियान तेज कर दिया गया है। इस कड़ी में प्रशासनिक बैठक और जांच में तेजी आयी है। चुनाव की घोषणा के बाद से राज्य के विभिन्न हिस्सों से अब तक 135 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गई है। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर 29 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। माओवादियों को पकड़ने के लिए उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के सीमावर्ती इलाकों में संयुक्त अभियान जारी है।

***************

झारखंड विधानसभा चुनाव के राजनीतिक परिदृश्य पर आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृखंला में आज बात होगी पूर्वी सिंहभूम जिले की उन विधानसभा क्षेत्रों की जहां पहले चरण में 13 नवंबर को मतदान होना है। पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

***************

रांची के सेंट जोसेफ क्लब में शुरू हुए झारखंड ओपन कराटे चौंपियनशिप के पहले दिन रांची की टीम ने 15 स्वर्ण पदक जीत लिए हैं। वहीं, दूसरे स्थान पर चाईबासा और तीसरे स्थान पर खूंटी की टीम रही। इस चौंपियनशिप का आयोजन सिकोकई कराटे इंटरनेशनल झारखंड और इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

***************

राज्य भर में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। दिन में गर्मी और रात में ठंड का एहसास हो रहा है। इस बीच, मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में अगले सात दिनों तक सुबह और शाम को कोहरा छाया रह सकता है। जिससे धीरे–धीरे ठंड बढ़ेगी। मौसम केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है और अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में और तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट होगी।

***************

भाई दूज का त्यौहार आज उमंग और उत्साह से मनाया जा रहा है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के माथे पर टीका लगाती हैं और उनकी लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करती हैं।

***************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी अखबारों ने विधानसभा चुनाव से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान ने लिखा है**– चुनाव करीब आते ही तल्ख हुए तेवर, भाजपा ने सवालों से मांगा राज्य का हिसाब–किताब, झामुमो का जवाब– फैलाया जा रहा साम्प्रदायिक जहर।

**प्रभात खबर की सुर्खी है**– हेमंत सोरेन ने पीएम मोदी को खुला पत्र जारी कर कहा–प्रधानमंत्री से करबद्ध प्रार्थना, हमारे एक लाख छत्तीस करोड़ लौटा दें।

**दैनिक भास्कर लिखता है**–भाजपा–कांग्रेस की प्रचार नीति, पिछले चुनाव में हारी सीटों से शुरूआत।

**दैनिक जागरण** के पहले पन्ने की खबर है–भाजपा की सरकार बनी तो तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त।

**अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने** नवनियुक्त मुख्य सचिव अलका तिवारी के उस बयान को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है जिसमे उन्होंने कहा है–आम जनता का कार्य उनकी पहली प्राथमिकता।

********समाप्त*********